# लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

लालबाग, टी0एन0रोड, लखनऊ –226001(उ0प्र0)

वेबसाईट–https://lmc.up.nic.in ई–मेल nnlko@up.nic.in

## अल्पकालिक निविदा सूचना

पत्रांक– D-279/CE-25-26 दिनांक– 17/12/25

नगर निगम द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु दिनांक 03/01/2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02/01/2026 तक अपरान्हन 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से टैंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 03/01/2026 को अपराह्न 3 बजे तक अपर नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को दिनांक 03/01/2026 को अपरान्हन 4 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू0 | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रति0 जी0एस0टी0 | कुल निविदा मूल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01. | जोन–04 में राजीव गाँधी द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत विराम खण्ड–2 में म0सं0 2/189 के सामने स्थित पार्क एवं पाथवे का सुधार कार्य। | 5,52,040.00 | 55,204.00 | 01 माह | 553.00 | 100.00 | 653.00 |
| 02. | जोन–04 में राजीव गाँधी द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत विराम खण्ड–2 में म0सं0 2/190 के सामने स्थित पार्क एवं पाथवे का सुधार कार्य। | 5,81,187.00 | 58,119.00 | 01 माह | 582.00 | 105.00 | 687.00 |
| 03. | जोन–07 के अन्तर्गत बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर–19 इन्दिरा नगर में म0सं0 19/796 के सामने स्थित पार्क में पाथवे की रिपेयर/सुधार कार्य। | 8,42,320.00 | 84,232.00 | 01 माह | 843.00 | 152.00 | 995.00 |
| 04. | जोन–08 के अन्तर्गत शारदानगर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत रवि खण्ड में म0सं0 ई–80 के सामने स्थित पार्क का निर्माण कार्य। | 4,15,384.00 | 41,539.00 | 01 माह | 416.00 | 75.00 | 491.00 |
| 05. | जोन–07 में इस्माईलगंज प्रथम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर–10 में म0सं0 10/372 के सामने स्थित पार्क की मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 4,79,067.00 | 47,907.00 | 01 माह | 480.00 | 87.00 | 567.00 |
| 06. | जोन–07 में इस्माईलगंज प्रथम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर–9 में म0सं0 9/654 के सामने स्थित पार्क का सुधार एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 7,73,621.00 | 77,363.00 | 01 माह | 774.00 | 140.00 | 914.00 |
| 07. | जोन–04 में गोमती नगर वार्ड के अन्तर्गत अरविन्दो पार्क एवं राम कृष्णा पार्क की मरम्मत, रंगाई–पुताई एवं औद्यानिकरण का कार्य। | 5,62,361.00 | 56,237.00 | 01 माह | 563.00 | 102.00 | 665.00 |
| 08. | जोन–04 में चिनहट द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत विमय खण्ड में म0सं0 2/218 के सामने स्थित पार्क में क्षतिग्रस्त सी0सी0 (कास) पाथवे का चेकर्ड टाईल्स द्वारा नवीनीकरण का | 5,80,969.00 | 58,097.00 | 01 माह | 581.00 | 105.00 | 686.00 |
| 09. | जोन–04 में चिनहट द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत विमय खण्ड में म0सं0 3/86 के सामने स्थित पार्क में पाथवे निर्माण का कार्य। | 8,06,025.00 | 80,603.00 | 01 माह | 807.00 | 146.00 | 953.00 |

शर्ते :–

1– निविदा में प्रतिभाग करने हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश सं0–3890/नौ–5–19–149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा)

2– शासनादेश सं0–6738/23–7–06–176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश सं0–692/23–7–2024 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृत (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/ड्यूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।

3– कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के उपरान्त कार्य संतोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

4– 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।

5– किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।

6– 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ–पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा की स्वीकृति/अस्वीकृति पर निर्णय लिया जायेगा।

7– उपरोक्त शर्तो के उल्लघंन की स्थिति में नगर आयुक्त को यह अधिकार होगा कि उक्त कार्य को निरस्त कर दें तथा जनहित में निर्णय ले।

8– किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मुख्य अभियन्ता (सिविल)
नगर निगम लखनऊ

**प्रतिलिपि :–**

1. मा0 महापौर महोदया को सादर सूचनार्थ।
2. मण्डलायुक्त, लखनऊ मण्डल को सादर अवलोकनार्थ।
3. जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ।
4. नगर आयुक्त महोदय को सादर सूचनार्थ।
5. अपर नगर आयुक्त (ए0आर0) महोदय को सादर सूचनार्थ।
6. मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी महोदय को सूचनार्थ।
7. अधिशासी अभियन्ता (उद्यान) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समाचार पत्र में प्रकाशित निविदा सूचना का सत्यापन करले।
8. प्रभारी अधिकारी (प्रचार) को विज्ञापन करने हेतु।
9. फार्म कीपर को निविदा फार्म विक्रय किये जाने हेतु।
10. केयर टेकर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि निविदा सूचना नोटिसबोर्ड पर चस्पा कर दें।
11. नोटिस बोर्ड

17/12/25

मुख्य अभियन्ता (सिविल)
नगर निगम लखनऊ